ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं समावेशी विश्वविद्यालय : चुनौतियाँ एवं समाधान' विषय पर हुआ विशिष्ट व्याख्यान

खुले मन से संवाद का वातावरण बनाना आवश्यक : प्रो. सुषमा यादव

वर्धा, 17 जुलाई 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में 'महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं समावेशी विश्वविद्यालय : चुनौतियाँ एवं समाधान' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान में यूजीसी स्टीयरिंग कमेटी की अध्यक्ष एवं बीपीएस, महिला विश्वविद्यालय, खानपुर, हरियाणा की पूर्व कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, स्वस्थ एवं समावेशी विश्वविद्यालय बनाने के लिए खुले मन से संवाद का वातावरण बनाना आवश्यक है। ऐसी समावेशी व्यवस्था जिसमें शिक्षक, विद्यार्थी और समाज भी शामिल हो। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विद्यार्थियों के कल्याण, सुरक्षित एवं सम्मानजनक शैक्षणिक

वातावरण के निर्माण हेतु जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश से विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति के तत्त्वावधान में शुक्रवार, 17 जुलाई को गालिब सभागार में व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने की। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान सेवाग्राम के मनोरोग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हर्षल साठे उपस्थित थे। प्रो. सुषमा यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विभिन्न नियमों का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के साथ शिक्षक का संबंध माता पिता की तरह होना चाहिए। विश्वविद्यालय में पहली बार आने वाले विद्यार्थियों से

नैतिकता और मूल्यों पर बात करनी चाहिए। हमें शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ मानव जीवन भी आवश्यक है। उन्होंने शिक्षा के महत्व को लेकर बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, स्वामी विवेकानंद, रवीन्द्र नाथ टैगोर के उद्धरणों का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति की मानसिकता व परिवेश बदल सकती है। विश्वविद्यालय केवल शोध केंद्र नहीं, अपितु युवा मन को गढ़ने का स्थान

होता है और यहां उनका भविष्य तय होता है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित वातावरण के लिए संभावनाओं व आकांक्षाओं के साथ साथ विद्यार्थियों के प्रति चिंताओं को भी समझना आवश्यक है।

अध्यक्षीय वक्तव्य में कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा ने कहा कि शिक्षा एक सार्वजनिक सेवा है और यह बराबरी को सुनिश्चित करने का माध्यम भी है। स्वस्थ संवाद की संस्कृति विकसित करते हुए विश्वविद्यालय के परिसर को सुरक्षित बनाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति समावेशी स्थापना का उद्देश्य लेकर चलती है। उन्होंने विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन का माहौल बनाए जाने पर भी बल दिया। कुलपति प्रो. शर्मा ने प्रो. सुषमा यादव का स्वागत सूतमाला एवं विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया। डॉ. हर्षल साठे ने कहा कि नियम और कानून के अनुपालन के साथ साथ मानवीय दृष्टि से भी समस्याओं का समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित पारिस्थितिकी बनाने पर बल दिया।

कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य साहित्य विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा बर्गट ने किया तथा भाषा विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर ने आभार ज्ञापित किया। दीप प्रज्ज्वलन तथा कुलगीत गायन से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया तथा राष्ट्र गान के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, शोधार्थी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

ज्ञान शांति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मराठी :

महिलांसाठी सुरक्षित, निरोगी आणि सर्वसमावेशक विद्यापीठ : आव्हाने आणि उपाय' विषयावर विशेष व्याख्यान

खुल्या मनाने संवादाचे वातावरण निर्माण करणे आवश्यक : प्रो. सुषमा यादव

वर्धा, १७ जुलै २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठात 'महिलांसाठी सुरक्षित, निरोगी आणि सर्वसमावेशक विद्यापीठ : आव्हाने आणि उपाय' या विषयावरील विशेष व्याख्यानात यूजीसी स्टीयरिंग समितीच्या अध्यक्षा तथा बीपीएस महिला विद्यापीठ, खानपूर (हरियाणा) यांच्या माजी कुलगुरू प्रो. सुषमा यादव यांनी महिलांसाठी सुरक्षित, निरोगी आणि सर्वसमावेशक विद्यापीठ उभारण्यासाठी खुल्या मनाने संवादाचे वातावरण निर्माण करणे आवश्यक असल्याचे सांगितले. शिक्षक, विद्यार्थी आणि समाज यांचा समावेश असलेली सर्वसमावेशक व्यवस्था उभी राहणे गरजेचे असल्याचे त्यांनी नमूद केले. शिक्षण मंत्रालय, भारत सरकार यांनी विद्यार्थ्यांच्या कल्याणासाठी तसेच सुरक्षित आणि सन्मानजनक शैक्षणिक वातावरण निर्मितीसाठी जारी केलेल्या मार्गदर्शक तत्त्वांच्या प्रभावी अंमलबजावणीच्या उद्देशाने विद्यापीठाच्या अंतर्गत तक्रार निवारण समितीच्या वतीने शुक्रवार, १७ जुलै रोजी गालिब सभागृहात या व्याख्यानाचे आयोजन करण्यात आले होते. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा होत्या. यावेळी विशेष वक्ते म्हणून महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, सेवाग्राम येथील मानसोपचार विभागाचे सहयोगी प्राध्यापक डॉ. हर्षल साठे उपस्थित होते. प्रो. सुषमा यादव यांनी राष्ट्रीय शिक्षण धोरण २०२० अंतर्गत विविध नियमांचा उल्लेख करताना सांगितले की, विद्यार्थ्यांशी शिक्षकांचे नाते पालकांप्रमाणे असावे. विद्यापीठात प्रथमच येणाऱ्या विद्यार्थ्यांशी नैतिकता आणि मूल्यांविषयी संवाद साधला पाहिजे. शैक्षणिक उत्कृष्टतेसोबत मानवी जीवनमूल्यांचाही विचार आवश्यक आहे. शिक्षणाच्या महत्त्वाबाबत त्यांनी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, सावित्रीबाई फुले, स्वामी विवेकानंद आणि रवींद्रनाथ टागोर यांच्या विचारांचा संदर्भ देत सांगितले की, शिक्षण व्यक्तीची मानसिकता आणि परिसर बदलण्याची क्षमता ठेवते. विद्यापीठ हे केवळ संशोधन केंद्र नसून युवा मन घडविण्याचे स्थान आहे आणि येथेच त्यांच्या भविष्याची दिशा निश्चित होते. सुरक्षित वातावरण निर्माण करण्यासाठी विद्यार्थ्यांच्या संधी, आकांक्षा आणि त्यांच्याशी संबंधित चिंता समजून घेणेही तितकेच आवश्यक असल्याचे त्यांनी सांगितले.

अध्यक्षीय भाषणात कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा म्हणाल्या की, शिक्षण ही सार्वजनिक सेवा असून समानता सुनिश्चित करण्याचे प्रभावी माध्यम आहे. निरोगी संवादाची संस्कृती विकसित करत विद्यापीठ परिसर सुरक्षित बनविणे ही आपली सर्वांची सामूहिक जबाबदारी आहे. राष्ट्रीय शिक्षण धोरण सर्वसमावेशक संस्थात्मक रचनेच्या उद्देशाने कार्यरत असल्याचे त्यांनी नमूद केले. तसेच विद्यापीठात उत्कृष्ट कार्यप्रदर्शनाचे वातावरण निर्माण करण्यावरही त्यांनी भर दिला. यावेळी कुलगुरू प्रो. शर्मा यांनी प्रो. सुषमा यादव यांचे सूतमाला व विद्यापीठाचे प्रतीकचिन्ह प्रदान करून स्वागत केले. डॉ. हर्षल साठे म्हणाल्या की, नियम आणि कायद्यांचे पालन करण्याबरोबरच मानवी दृष्टिकोनातूनही समस्यांचे निराकरण केले गेले पाहिजे. महिलांच्या सुरक्षेच्या दृष्टीने सुरक्षित परिसंस्था निर्माण करण्याची आवश्यकता त्यांनी अधोरेखित केली.

कार्यक्रमाचे स्वागत साहित्य विद्यापीठाचे अधिष्ठाता प्रो. अवधेश कुमार यांनी केले. कार्यक्रमाचे संचालन शिक्षण विभागाच्या सहाय्यक प्राध्यापिका डॉ. सीमा बर्गट यांनी केले, तर भाषा विद्यापीठाच्या अधिष्ठाता प्रा. प्रीती सागर यांनी आभार मानले. दीपप्रज्वलन आणि कुलगीत गायनाने कार्यक्रमाची सुरुवात तर राष्ट्रगीताने समारोप झाला. यावेळी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, संशोधक आणि विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थित होते.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305